तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



11 जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक...





12 विकसित भारत बनाने का संकल्प...




## खबर संक्षेप

### मारपीट के दो मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना में मारपीट के दो मामले दर्ज किया गया है। प्रार्थी कमलेश कानूनगो पिता रवि ओडिया पारा सरायपाली ने बताया कि बसंत गुरू और उसके साथियों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट किए और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार अमित मुन्न पिता सुखदेव निवासी बैतारी को सागौन नर्सरी में बबलू साहू पिता विपिन बैतारी द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोंट पहुंचा। दोनों ही मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सट्टा पट्टी लिखते एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने रेलवे पटरी के किनारे मनहर लाल पिता स्व लतेल ध्रुव 51 वर्ष निवासी बढ़ईपारा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से नगदी रकम 4890 रूपए, एक नग सट्टा पट्टी जब्त कर जुआ एक्ट 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### जन्मदिन मना रहे युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली विशाल सोना पिता छबीलाल सोना 21 साल साकिन वार्ड नं. 11 बाजार पारा सरायपाली ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि समीर डड़सेना, संतोष सिदार ने जन्मदिन मनाने से मना करते हुए अश्लील गाली गलौज करते हुए किसी वस्तु से मारपीट कर गले में चोंट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** अज्ञात कारण से एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। जानकारी के मुताबिक सुरेश पटेल पिता स्व रामकृपाल तुमगांव निवासी ने अज्ञात कारण से फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# नहीं मिली कुकिंग कास्ट की राशि, विरोध में रसोइयों ने किया काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चार माह का वेतन और कुकिंग कास्ट की राशि नहीं मिलने के विरोध में मध्यान्ह भोजन रसोईयां महासंघ ने काम बंद कर दिया है। जिसके चलते कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन नहीं बना। वहीं, कई स्कूलों में वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया गया। शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों का कहना है कि यह मामला पूरे प्रदेश स्तर का है। जैसे ही राशि का आबंटन किया जाता है। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों को भुगतान कर दिया जाएगा। बता दें कि जिले के 1310 प्रायमरी और 513 मिडिल स्कूलों में पीएम पोषण आहार योजना के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं को कुकिंग कास्ट की राशि चार महीने से नहीं मिली है। जिले के कुल 1823 स्कूलों में स्व सहायता समूहों द्वारा ही संचालन किया जा रहा है। इसमें समूह की महिलाओं को चावल के अलावा बाकी सभी जरूरी सामान खरीदना पड़ता है। इसमें तेल, नमक, मसाला-मिर्च से लेकर अन्य जरूरी सामान शामिल है। सब्जी और दाल भी इसी पैसे लेना पड़ता है। लेकिन, चार महीने से कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में महिलाओं द्वारा कुछ दिनों तक बाजार से उधार में सामान खरीदकर भोजन पकाया जा रहा था। लेकिन, दुकानदार भी सामान देने से मना कर रहे हैं।

## स्कूलों में नहीं बना भोजन, वैकल्पिक व्यवस्था कर बच्चों को परोसा जा रहा है भोजन

### मंगलवार से काम बंद

मध्यान्ह भोजन रसोईयां महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि चार माह से वेतन नहीं मिलने और कुकिंग कास्ट की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण स्व सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन करने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। बार-बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते मंगलवार से महासंघ द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाना बंद कर दिया गया है। यदि एक-दो दिनों में शासन की ओर से कोई समाधान नहीं निकाला जाता तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।



### विधायक को सौंपा ज्ञापन

मध्यान्ह भोजन रसोईयां महासंघ द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वेतन वृद्धि और चार माह का बकाया भुगतान कराने की मांग की गई। बताया गया कि उन्हें हर माह 15 सौ रुपए वेतन दिया जाता है। भाजपा सरकार ने वेतन में 50 फीसदी वृद्धि का वादा किया है। जिसको तत्काल अमल में लाया जाए। इस दौरान महासंघ की अध्यक्ष नीलू ओगरे, पुष्पा साहू, भगवती निषाद, फगनी, चंद्रबती, बिन्दू, देवकी आदि सदस्य मौजूद रहें।

## किल्लत: पेट्रोल पंपों में भारी भीड़, लोग परेशान और कालाबाजारी भी

# पहियों ने यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने से रोका, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



हिट एंड रन अधिनियम के विरोध में बस और ट्रकों के पहिए थमने का असर एक ओर जहां यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, जो स्वंय के साधन से जाना चाह रहे हैं, उन्हें पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। पेट्रोलियम पदार्थ का टैंकर्स से सप्लाई बाधित होने के अफवाह के चलते सुबह से ही पंपों में लंबी कतार देखी गई। जिसे 200 रूपए का पेट्रोल भराना था, वे मजबूरी में 500 रूपए का लेना पड़ा। जिसके चलते शाम होते तक जिले के अधिकांश पंपों में स्टॉक नहीं होने का बोर्ड टंग गया।

बता दें कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए जा रहे हिट एंड रन अधिनियम को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया जा रहा है। जिसमें आईपीसी 2023 में हुए संशोधन के बाद दुर्घटना होने पर चालक को 10 साल की कैद और 7 लाख अर्थदंड का प्रावधान रखा गया है, जिसका विरोध देशभर के ड्राइवर संघ कर रहा है। सोमवार को जिले के बस चालक, ट्रक चालकों ने अधिनियम का विरोध करते हुए बसों और ट्रकों के पहिए रोककर चाबी वाहन मालिकों को सौंप दी और हड़ताल पर चले गए। हिट एंड रन अधिनियम के विरोध में ड्राइवरों के हड़ताल पर जाने से इसका असर अब आम जनजीवन पर पडना शुरू हो गया है। शहर से लगे सभी पंपों में पेट्रोल और डीजल के लिए उपभोक्ताओं की लंबी कतार रही।



### एएसपी से मिले वाहन व आटो चालक

सुबह बस स्टेंड में कुछ बाहरी वाहन चालकों द्वारा विरोध को लेकर शहर से गुजरी एनएच को लेकर जाम करने प्रयास किया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्हें समझाईश देकर एनएच से हटाया। बाद महानदी चालक-परिचालक कल्याण संघ व महासमुंद आटो चालक व मालिक एसोसिएशन ने एएसपी राव से मुलाकात कर बताया कि स्थानीय बस और आटो चालक शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन पर हैं। इसमें प्रमुख रूप से महानदी चालक परिचालक कल्याण संघ के अध्यक्ष राजू साहनी,भीखम यादव, असलम अहमद,विजय कुमार, सिंकदर खान और महासमुंद आटो चालक व मालिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष राजपूत, सचिव शेख अजीज शामिल रहे।

### सड़क तक लगी रही कतार

शहर के पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप में तो पेट्रोल पंप से राष्ट्रीय राजमार्ग तक लाइन लगी थी। मैनेजर ने बताया कि सुबह से ही यही हाल है। ऐसा ही नजारा चांडक पेट्रोल पंप, पुराना रायपुर नाका स्थित पुष्पा फ्यूल्स,बेमचा स्थित उत्तम फ्यूल्स में भी दिखा जहाँ लोग वाहन के साथ ही पेट्रोल और डीजल जरकीन में भी ले जाते नजर आए। शहर के पुष्पा फ्यूल्स, लभराखुर्द के संगीता पेट्रोल पंप और नदी मोड़ के सालासर बालाजी फ्यूल्स में तो सुबह 11 बजे तक डीजल खत्म हो गया। डीजल केवल आपातकालीन स्थिति और शासकीय वाहनों के लिए ही रिजर्व रखा गया।



# एक्ट की खिलाफत में फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**महासमुंद।** शहर के अम्बेडकर चौक में चालक संघ के समर्थन और एक्ट के विरोध में मंगलवार शाम राशि त्रिभुवन महिलांग ने केंद्र के मोदी सरकार का पुतला दहन किया। इससे पूर्व उन्होंने सरकार के खिलाफ एक्ट को लेकर जमकर नारेबाजी की बाद पुतला दहन किया। इस दौरान अरिश अनवर, पार्षद अमन चंद्राकर, नेहरू नेताम, गुरमीत चांवला, युकां जिलाध्यक्ष बादल मक्कड़, विजय साव, मेहुल सूचक, लता चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, सिंकदर खान, अनवर हुसैन, युवराज साहू, सोहेल खान, महानदी चालक-परिचालक कल्याण संघ के अध्यक्ष राजू साहनी, भीखम यादव, असलम अहमद, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### हिट एंड रन एक्ट में किए गए प्रावधान अव्यवहारिक : राशि



हिट एंड रन एक्ट मामले को लेकर आंदोलन कर रहे चालक-परिचालक संघ का नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने समर्थन देते हुए उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन बिल में संशोधन के बाद लागू एक्ट पर नियम और प्रावधान रखा गया है उससे पूरे देशभर में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और चालकों में सरकार के ख़िलाफ नाराजगी के साथ भारी आक्रोश है। बिल में चालक को 10 साल की सजा के साथ 7 लाख का जुर्माना जैसे नए प्रावधान किया गया है, जो अव्यावहारिक हैं और इस क़ानून के दुरुपयोग की संभावना अधिक है। श्रीमती महिलांग ने चालकों को यकीन दिलाते हुए कहा कि उनके मांगों के साथ वे और पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। श्रीमती महिलांग ने केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह से सवाल करते हुए कहा कि 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए का जुर्माना किस विशेषज्ञ की राय पर एक्ट में रखा गया है। उन्होनें उक्त एक्ट का पुरजोर विरोध करते हुए उनसे जवाब मांगा है।

# हत्या के मामले घटे, चोरों की चुनौती के मामले रहे अनसुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बीते साल की अपेक्षा हत्या के मामलों में कमी आई वहीं चोरी के दर्जनों मामले अनसुलझे रहने के साथ यह चोरियां पुलिस के लिए चुनौती बनी रही। बता दें कि वर्ष 2022 के मुकाबले इस वर्ष हत्या के मामलों में 25 फीसदी कमी आई है। पुलिस द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के मुताबिक हत्या के वर्ष 2021 में ऐसे प्रकरण 25, तथा 2022 में 22 प्रकरण थे, वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 16 हो गई। जिनमे से 15 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। हत्या मामलो में 25% तक की कमी आई हैं। वहीं, हत्या के प्रयास वर्ष 2021 में ऐसे प्रकरण 13, तथा 2022 में 19 प्रकरण थे। वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 8 हो गई जिनमें से 6 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। हत्या के प्रयास संबंधी मामलों में 53% तक की कमी आई हैं।

महिलाओं के विरुद्ध घटित अनाचार संबंधी मामले में वर्ष 2023 में कमी आई। जहां 2021 में 80 व 2022 में 103 थे। वहीं, 2023 में बलात्कार के सीधे पंजीबद्ध प्रकरणों की संख्या 52 हो गई। जिनमें से 47 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। महिलाओं के विरुद्ध शीलभंग व यौन उत्पीड़न के मामले में वर्ष 2023 में कमी आई। वर्ष 2021 में यहां यह संख्या 49 थी, 2022 में 55, 2023 में घटकर 44 हो गई। जिनमें से 27 मामलों मे चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। इस प्रकार के मामलों में 20% तक की कमी आई हैं। लूट के मामले में भी कमी आई, वर्ष 2021 में जहां 12 लूट के प्रकरण हुए। 2022 में 17, वहीं 2023 में घटकर लूट के प्रकरण 8 हो गए। जिसमें से 5 मामलों में निराकरण कर लिया गया है। इस प्रकार के मामलो में 51% तक की कमी आई हैं।

### 2022 में चोरी के 162 मामले थे इस वर्ष घटकर 102 हुए

चोरी के मामले जहां यह संख्या 2021 में 164 थी तथा 2022 में 162 थी, वहीं, यह संख्या 2023 में घटकर 102 हो गई। इस प्रकार के मामलो में 35% तक की कमी आई



हैं.नकबजनी के मामले जहां यह संख्या 2021 में 116 थी तथा 2022 में 95 थी, वही यह संख्या 2023 में घटकर 67 हो गई। इस प्रकार के मामलो में 26% तक की कमी आई हैं।

### इन अंधे कत्ल ने दहलाया था दिल

अमलोर जंगल (सिरपुर) में हुये अंधेकत्ल का खुलासा। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी हत्या की साजिश। त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग बना मृतक के हत्या की वजह। योजनाबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर मृतक को जंगल में बुलाकर कर आरोपियों ने दिया हत्या को अंजाम मृतक की पत्नी, प्रेमी सहित अन्य दो आरोपी गिरफ्तार। मृतक दिनेश साहू बागबाहरा की हत्या करने वाला आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार शराब पीने के नाम पर दिया था हत्या को अंजाम आरोपी ने की अपने ही दोस्त की हत्या।

थाना महासमुंद मृतक संतोष सेन की गला घोट कर हत्या कर दिये फिर आरोपी घनाराम यादव और उसकी नाबालिक प्रेमिका दोनों मिलकर मृतक के मृत शरीर को बरगद पेड के नीचे रख दिये। जिससे यह प्रतीत हो सके की मृतक की मृत्यु फांसी लगाकर हुई है। टीम द्वारा प्रकरण के दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बेल्ट, मोटर सायकल एवं मोबाईल फोन एवं विधि से संघर्षरत बालिका से एक मोबाईल फोन जब्त किया गया। पुलिस की बम्हनी हत्याकाण्ड का खुलासा। पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी। पति ही निकला पत्नी का हत्यारा। मृतिका द्वारा आरोपी को उसके अवैध सबंध के लिए मना करना बना हत्या की वजह। आरोपी ने घटना के 20 दिवस पूर्व ही कराया था अपनी पत्नी मृतिका का 16 लाख का टर्म लाईफ इंशोरेन्स। लगभग 02 वर्ष पश्चात हुआ हत्या का खुलासा।

सिंघोंडा क्षेत्र में हुये 03 हत्याओं का खुलासा। उदित भोई (पुत्र) ही निकला माँ बाप और दादी का हत्यारा। हत्या कर घर के पीछे ही माँ बाप और दादी को जलाया। प्राचार्य पिता प्रभात भोई माता एवं दादी के गुम होने की झूठी रिपोर्ट लिखा कर रिश्तेदारों और पुलिस को करता रहा गुमराह।

### चोरी लूट अथवा डकैती छाए रहे

बागबाहरा के बीएल ज्वेलर्स में चोरी के आरोपी गिरफ्तार, घटना के 24 घंटे के भीतर चोरी के 02 अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार। चोरी की ज्वेलरी समेत कुल लगभग 350000 की सम्पत्ति बरामद। आरोपियों को कोरबा से किया गया गिरफ्तार। थाना बागबाहरा एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही।

रेलवे की चोरी के लोहा समान के साथ चोर चढ़े पुलिस के हत्थे। दीगर प्रांत से रेलवे की चोरी के अवैध लोहे के कबाड़ समान को महासमुन्द जिले में खपाने की फिराक में थे चोर 02 ट्रक सहित। परफेक्ट हर्बल एण्ड ऑयल कंम्पनी बिरकोनी के मैनेजर से साराडीह मोड के पास हुई लूट की घटना का हुआ पर्दाफाश। घटना के 72 घण्टे के भीतर ही आरोपियों व लूट की गई नगदी रकम 9,50,500 रूपये बरामद। 01 लूट एवं 03 चोरी के मामले में 03 अन्तर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार। आरोपियों के पास से चोरी के 01 नग सोनालिका ट्रेक्टर एवं 01 नग छोटा हाथी तथा 01 नग मोटर सायकल कीमती 368000 रुपए जब्त।

जिला महासमुंद के थाना सरायपाली पुलिस द्वारा 02 शातिर चोरो को किया गिरफ्तार। चोरी की 15 मोटर साइकिल चोरों से हुआ बरामद। आरोपियों के कब्जे से 15 मोटर साइकिल कुल किमती 14 लाख रुपए हुई जब्त। ग्राम तेन्दूकोना में हुए जेवी ज्वेलर्स में धोखाधड़ी का खुलासा। जेवी ज्वेलर्स में धोखाधड़ी करने वाले 02 अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार। आरोपी के कब्जे से सोना कुल वजन 20.660 ग्राम तथा चांदी कुल वजन 1.300 किलोग्राम कीमती 266600 रुपए जब्त। थाना पटेवा, जिला महासमुंद पुलिस की कार्यवाही विदेशी मदिरा दुकान झलप की बिक्री रकम 164040 रुपए को गबन करने वाला आरोपी जुगल कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर भेजे गये जेल। अंतर्राज्यीय लूटेरा गिरोह का पर्दाफाश। आरोपियों के पास से 01 नग देशी कट्टा लूटी गई रकम 50000 रुपए व घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी जब्त। भारी मात्रा में नशीला टैबलेट, इंजेक्शन एवं हेरोइन की तस्करी करते 5 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार। आरोपियों के पास से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 1500 नग एवं 2000 नग प्रतिबंधित नशीला टैबलेट जब्त।



### धारदार हथियार से डराते आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने गार्डन के पास धारदार कत्ता लेकर आने जाने वालों को धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि गार्डन के पास एक युवक धारदार हथियार लेकर लोगो को धमका रहा है। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी घुंडुल देवार पिता दाऊ लाल 35 वर्ष साकिन गार्डन के पीछे देवार डेरा के कब्जे से एक लोहे का धारदार कत्ता जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

# 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 22 पदक

**तेंदूकोना।** 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन बीते दिन बालाजी स्कूल रायपुर में किया गया था। जिसमें महासमुंद के खिलाड़ियों ने 22 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान दिलाया। टीम के कोच उपेंद्र प्रधान, वीरेंद्र डड़सेना, टीम मैनेजर जगन्नाथ साहू के नेतृत्व में महासमुंद के खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। उपेंद्र प्रधान सचिव जिला शोतोकान कराते संघ महासमुंद व अध्यक्ष वीरेंद्र डड़सेना ने बताया कि कार्यक्रम में 12 राज्यों ने भाग लिया था। जिसमें छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान, महाराष्ट्र को द्वितीय एवं आंध्रप्रदेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के तेंदूकोना निवासी राकेश साहू ने दूसरे स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर बजरंग निर्मलकर, अशोक साहू, डीगेश्वर दीवान, पुनीत निर्मलकर, डीगेश निर्मलकर आदि ने हर्ष जताया है।



### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय मां शाकम्भरी एवं माता सावित्री बाई फुले जयंती पर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन व परिचय माला पुस्तिका विमोचन का आयोजन ग्राम पंचायत दरचुरा (सिमगा) में 3 जनवरी बुधवार को किया गया है। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधाई कार्य एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भाटापारा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। प्रातः 10 बजे मां शाकंभरी एवं भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना एवं सामाजिक प्रदेश पदाधिकारीयों का स्वागत व संबोधन, दोपहर 1 बजे माता सावित्री फुले सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं युवक-युवती परिचय, दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत सम्मान एवं अतिथि संबोधन तत्पश्चात शाम 5 बजे समापन होगा। यह जानकारी प्रदेश महासचिव ललित पटेल ने दी है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### जोगी परिवार ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

**रायपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को जेसीसीजे सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी एवं अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट की। जेसीसीजे के मुख्य प्रवक्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि जोगी परिवार ने श्री साय को मुख्यमंत्री बनने की बधाई और नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जेसीसीजे के महासचिव महेश देवांगन, पूर्व विधायक आरके राय, गजेंद्र देवांगन, नीलेश चौहान, जोगी परिवार के पारिवारिक मित्र डॉ. अतुल सिंघानिया भी उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान कल

**रायपुर।** शुभम शिक्षण कला संस्थान और बंगाली कालीबाड़ी समिति द्वारा नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान समारोह आयोजित है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। यह कार्यक्रम कालीबाड़ी चौक स्थित रविंद्र मंच में 3 जनवरी को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कालीमाता मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग एक हजार लोग शामिल होंगे।

### सचिव संघ के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने अमर

**रायपुर।** जिला पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सचिव पद के लिए हुए चुनाव में अमर धनगर रायपुर जिले के अध्यक्ष चुने गए। वे तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने हैं। प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिला इकाई रायपुर पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी महेंद्र साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी यशवंत आदिल और कमल साहू की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य पूरा हुआ। चुनाव में रायपुर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत धरसींवा, अभनपुर तिल्दा एवं आरंग से नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष और सचिवों ने मतदान कर अमर धनकर को जिलाध्यक्ष चुना। इस मौके पर रतनचंद साहू ब्लॉक अध्यक्ष धरसींवा, शिवकुमार वर्मा ब्लॉक सचिव, शेषनारायण साहू ब्लॉक अध्यक्ष अभनपुर, रामनारायण साहू ब्लॉक सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जवाहर नगर में रामधुन गाते निकाली प्रभात फेरी



**रायपुर।** अयोध्या में श्रीरामचंद्र का भव्य मंदिर बनने की खुशी में जोरापारा, जवाहरनगर वार्ड के रहवासियों ने सोमवार से प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह रामधुन गाते हुए निकाली जा रही है। यह जानकारी वार्ड के संरक्षक दिनेश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि इस प्रभात फेरी में सभी धर्म, जाति के लोगों सहित बच्चे भी शामिल हुए। एक माह से निरंतर प्रभात फेरी निकाली जा रही है, इसमें श्रद्धालु भी निरंतर बढ़ते जा रहे हैं।

### किसानों को 95 हजार टन रासायनिक उर्वरक वितरित

**रायपुर।** रबी सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। अब तक किसानों को सहकारी समितियों एवं निजी संस्थानों 95 हजार टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जिसमें 47,323 टन यूरिया, 23,046 टन डीएपी, 10,680 टन एनपीके, 4020 टन पोटाश तथा 10,264 टन सुपर फास्फेट शामिल है। चालू रबी सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 4 लाख 4 हजार टन रासायनिक खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध अब तक 4 लाख 32 हजार 391 टन खाद का भण्डारण करा लिया गया है।

# रायपुर-संबलपुर रेललाइन सर्वे रिपोर्ट लेने समिति सदस्य जाएंगे भुवनेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रायपुर से संबलपुर रेललाइन निर्माण के लिए सर्वे पूर्ण हो चुका है। सर्वे की जानकारी व अधिकृत रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए समिति का एक प्रतिनिधिमंडल बरगढ़ विधायक देवेश आचार्य के नेतृत्व में भुवनेश्वर शीघ्र ही प्रस्थान करेगा। इस संबंध ने रायपुर-बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों समिति के संगठन सचिव अविजित प्रतिहार द्वारा रेलवे सर्वे की जानकारी व रिपोर्ट लेने के संबध में बरगढ़ विधायक देवेश आचार्य से उनके गृहनिवास जाकर मुलाकात किए। विधायक आचार्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए बताया कि वे जानकारी लेकर सूचित करेंगे व शीघ्र ही समिति के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ईस्ट कोस्ट रेलवे के जीएम व अन्यों से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त करेगा। संयोजक दिलीप गुप्ता ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होते ही समिति का एक प्रतिनिधि मंडल महासमुंद, रायपुर व बरगढ़ सांसद के साथ दिल्ली जाकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर आगामी बजट में इसे शामिल किए जाने का अनुरोध करेगा।



# जोगनीपाली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा जोगनीपाली गांव में पहुंची। गांव में इस यात्रा के जरिए लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

महिला एवं पुरुषों की भारी भीड़ इस संकल्प भारत यात्रा के इस शिविर में देखने को मिला। उन्हें बताया गया कि केंद्र सरकार की जो योजनाएं हैं उनका क्या लाभ है तथा इन लाभ का उपयोग किस प्रकार से किया जा सकता है। सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में अलग-अलग विभाग के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के द्वारा विस्तृत जानकारी देने के पश्चात योजनाओं का लाभ उठा रहे अथवा उठा चुके हुए हितग्राहियों के अनुभव को साझा करने के लिए उन्हें क्रमशः मंच में आमंत्रित किया गया। हितग्राहियों ने अपने उस अनुभव मंच में जाकर कहा जो अनुभव उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन के समय प्राप्त किया था।

हितग्राही अनीता चौधरी पटेल ने भी अपना अनुभव बताया कि उन्होंने किस प्रकार सरकार के आयुष्मान भारत का लाभ लिया था। साथ ही कुछ अन्य योजनाओं के विषय में बताते हुए सभी को इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। संकल्प यात्रा शिविर के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मनोहर खाखा थे। अध्यक्षता सरपंच भारत लाल चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूतपूर्व सरपंच लक्ष्मी प्रसाद पटेल एवं समाजसेवी अमृत लाल पटेल मंचासिन उपस्थित थे।

### जायसवाल ने संभाला पदभार, विभागीय अफसरों के साथ बैठक

# स्वास्थ्य मंत्री बोले- होगी योजनाओं की समीक्षा और गड़बड़ियों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, हर व्यक्ति को सरल सुलभ और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना मेरी प्राथमिकता में है। जो भी भ्रष्टाचार हुआ है, सभी मामलों की जांच होगी और कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक सरकारी हॉस्पिटल के बेड खाली हैं, तब तक प्राइवेट अस्पतालों की ओर लोगों को जाना न पड़े, इसे सुनिश्चित करें। प्रदेश में कहां-कहां एम्स खोला जाएगा, इसके लिए सर्वे कराया जाएगा।

उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार है, इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने मंत्रालय पहुंचकर अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पौने 3 करोड़ जनता की सेहत, सभी दुर्गम स्थलों पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का संकल्प है। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई। योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। आयुष्मान भारत योजना में जांच, टीबी मुक्त भारत बनाना, सिकलसेल एनीमिया की वृहद जांच करने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का काम ठीक चल रहा है कि नहीं, इसे लेकर स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

#### जनऔषधि केंद्र और ऑक्सीजन संयंत्र शुरू होंगे

कोरोना मामलों की संख्या और पूर्ववर्ती सरकार के कामों की समीक्षा वाले सवाल पर उन्होंने कहा, बैठक में जिलेवार कोरोना को लेकर चर्चा हुई। ऑक्सीजन गैस सिलेडर को लेकर भी चर्चा की गई। कोरोना के समय प्रदेश में लगाए गए ऑक्सीजन संयंत्र में से कुछ के बंद पड़े होने पर उन्होंने कहा, इसे देखेंगे और शुरू कराएंगे। केंद्र द्वारा संचालित जनऔषधि केंद्र के बंद होने और वहां पर दवाई उपलब्ध न होने को लेकर उन्होंने कहा, जनऔषधि केंद्र क्यों बंद हुए, वहां क्या समस्या है, उसे देखकर शत प्रतिशत जनऔषधि केंद्रों को खोला जाएगा।

#### योजनाओं का करेंगे परीक्षण

खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना जैसी योजनाओं के संचालन पर कहा, 10 लाख की जब स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, तब 50 हजार के स्मार्ट कार्ड का औचित्य नहीं रह जाएगा। योजनाओं का परीक्षण कर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास होगा। किसी योजना को अभी बंद नहीं कर रहे हैं। निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड में हुई गड़बड़ियों को लेकर उन्होंने कहा, इसकी पूरी जानकारी निकलवाकर इसका परीक्षण कराएंगे। उन्होंने कहा, शिकायतों के संबंध में भी पूरी जानकारी ली जाएगी। आयुष्मान का लाभ आम आदमी को मिले, इसका प्रयास होगा।

#### दर्द निवारक दवाओं की बिक्री सख्ती

उन्होंने नर्सिंग होम एक्ट को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, डॉक्टरों के लिखे बिना दर्द निवारक दवाओं की बिक्री पर भी सख्ती से कार्रवाई करें।

# भूपेश बोले- अभी हम लोग होर्डिंग्स में देख रहे, योजनाओं को धरातल पर आने तो दीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा की घोषणाओं पर कहा, सरकार का काम है अपनी घोषणाओं को पूरा करना। हम तो देख रहे हैं, अभी तो विभाग बंटे हैं। मंत्रियों के रहने की भी जगह तय नहीं है, आवास नहीं दिए गए हैं। व्यवस्थित होने दीजिए, काम करने दीजिए। अभी हम लोग केवल होर्डिंग्स में ही देख रहे हैं। योजनाओं को धरातल पर आने तो दीजिए। संवाददाताओं से चर्चा के दौरान राम मंदिर में श्रेय लेने की राजनीति के सवाल पर उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राम मंदिर बना है। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने कहा था, न्यायालय का जो आदेश है, इससे न 1 इंच आगे, न पीछे होगा। वैसे ही लागू किया जाएगा।

- भाजपा की घोषणाओं पर किया तंज, कहा- मंत्रियों को व्यवस्थित होने दीजिए

उस समय उन्होंने कहा और हुआ भी यही। ये लोग भले चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन न्यायालय के आदेश से ही राम मंदिर बन रहा है। जबरदस्ती श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। शुरू से ही हमारा स्टैंड रहा, न्यायालय का आदेश हम मानेंगे। आज ये लोग राजनीतिकरण कर रहे हैं, हवाई अड्डा बने, कौन रोक रहा है, लेकिन बेच क्यों रहे हैं? हवाई अड्डा बन रहा है, दूसरी तरफ बेच भी रहे हैं। देश को बेचने में लगे हैं। अयोध्या में एयरपोर्ट बना है, वह कब तक बचा रहेगा बिकने से, ये बताएंगे?

#### छत्तीसगढ़ रहे खुशहाल

नए साल का क्या संकल्प रहेगा? इस पर श्री बघेल ने कहा, नए साल का संकल्प यही है कि छत्तीसगढ़ खुशहाल रहे। छत्तीसगढ़ के लोगों को कोई कष्ट न हो। छत्तीसगढ़ प्रगति करे, यही हमारा संकल्प है। 2024 में चुनाव है, वह भी नजदीक है, उसके पहले 14 जनवरी से राहुल गांधी यात्रा शुरू कर रहे हैं। न्याय यात्रा में हम लोग शामिल होंगे और छत्तीसगढ़ को भी जोड़ेंगे।

#### मजदूरों को कंबल बांटकर नए साल की शुरुआत

श्री बघेल मुख्यमंत्री रहते हर बार नए साल की शुरुआत मजदूरों के साथ करते थे। इस बार भी वे गांधी मैदान स्थित पुराने कांग्रेस भवन के पास मजदूरों के बीच नए साल की शुरुआत करने पहुंचे और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा, गरीब के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सकें, इसलिए हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले। आज पूरे देश में 5 किलो राशन मिलता है। हमारी सरकार ने 35 किलो देना शुरू किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जेनेरिक मेडिकल, हार्ट बाजार क्लीनिक योजना, मोहल्ले तक जाकर गरीबों का इलाज किया, सभी वार्डों में मेडिकल मोबाइल यूनिट जाती थी। हर प्रकार के इलाज होते थे, ये सब हमने शुरू किया। गरीबों की आय बढ़े, इसके लिए गोमाता की सेवा के माध्यम से गोबर, गौमूत्र खरीदे। लाखों परिवारों की आय बढ़ी, स्वसहायता समूह की महिलाओं को काम दिया।

# प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी में मिलेगी नए चेहरों के साथ महिलाओं को भी अहमियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब कैबिनेट के विस्तार का भी इंतजार समाप्त हो गया है। ऐसे में अब प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी का इंतजार हो रहा है। नए अध्यक्ष किरण देव की कार्यकारिणी में जहां अनुभवी कार्यकर्ताओं को रखा जाएगा, वहीं नए चेहरों को मौका मिलेगा, इसी के साथ महिलाओं को भी अहमियत दी जाएगी। तीनों वर्गों को कार्यकारिणी में स्थान देने की बात खुद नए अध्यक्ष कहते हैं। उनका कहना है, कार्यकारिणी को लेकर तैयारी चल रही है, जल्द ही इसका ऐलान किया जाएगा।

- इसी माह नई कार्यकारिणी के गठन की संभावना

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के लिए इस बार भाजपा का राष्ट्रीय संगठन बहुत ज्यादा ही गंभीर रहा। यही वजह है कि यहां पर चुनाव की कमान संभालने का काम खुद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया। उनके चुनाव की कमान संभालने के बाद यहां पर बड़े चौंकाने वाले फैसले हुए। पहली बार संगठन के कई पदाधिकारियों को चुनाव में झोंका गया। इसका फायदा भी मिला और ज्यादातर पदाधिकारी जीते हैं।



#### कार्यकारिणी का जल्द करेंगे गठन

नई कार्यकारिणी को लेकर तैयारी चल रही है। जल्द ही इसका गठन करके ऐलान किया जाएगा।

- किरण देव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

#### नई कार्यकारिणी की कवायद

*भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अरुण साव के स्थान पर जगदलपुर से चुनाव जीतने वाले किरण देव को नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। उनके अध्यक्ष बनने के बाद नई कार्यकारिणी को लेकर कवायद चल रही है। नई कार्यकारिणी में बड़े फेरदबल की तैयारी है। इसके पीछे का कारण यह है कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के साथ तीनों महामंत्री केदार कश्यप, विजय शर्मा और और ओपी चौधरी को भी चुनाव लड़वाया और ये जीते भी हैं। इसी के साथ प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को कोटा से मैदान में उतारा गया, लेकिन वे चुनाव हार गए। चार उपाध्यक्ष सरला कोसरिया को सरायपाली, उधेश्वरी पैकरा को सामरी लखन देवांगन को कोरबा और मोतीलाल साहू को रायपुर ग्रामीण से चुनाव लड़ाया गया। इसमें से सरला कोसरिया को छोड़कर बाकी तीनों उपाध्यक्ष चुनाव जीते हैं। अब तीन नए उपाध्यक्ष भी बनाए जाएंगे। कुल मिलाकर तीन महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष के पदों पर ऐसे दिग्गजों को भी रखा जा सकता है, जिनको मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल पाया है।*

# कौशिक बोले- अयोध्या धाम की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति से बघेल सहित कांग्रेस परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राम मंदिर निर्माण को लेकर दिए गए बयान को एक फोबियाग्रस्त, विचलित मनोदशा का प्रलाप बताया है। श्री कौशिक ने कहा, बघेल अभी भी सत्य और तथ्य को तोड़-मरोड़कर झूठ फैलाने की आदत से विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बावजूद बाज नहीं आ रहे हैं।

श्री कौशिक ने कहा, आज अयोध्या धाम की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति से बघेल सहित कांग्रेस परेशान है। विश्व के लोकप्रिय नेताओं में शिखर पुरुष का स्थान अर्जित करने वाले श्री मोदी की क्षमतावान नेतृत्व शैली का मुकाबला कर पाने में निरुपाय कांग्रेस अब मिथ्या प्रलाप कर रही है। भाजपा नेता और विधायक श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा आरंभ से श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को जन-आस्था का विषय मानती रही है, लेकिन मंदिर निर्माण न्यायालय के आदेश से हो, यह भी भाजपा का स्पष्ट मत रहा है। भाजपा ने मंदिर निर्माण के मार्ग में आने वाली बाधाओं को समाप्त कर न्यायालयीन आदेश से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने जिस तरह मंदिर निर्माण रुकवाने के तमाम धत्कर्म किए, प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को ही नकारा और अब प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाने से किनारा कर रहे हैं, वह विनाशकाले विपरीत बुद्धि की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

# कैबिनेट की बैठक आज, राजिम कुंभ पर अध्यादेश ला सकती है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की 2 जनवरी को होने वाली बैठक अब 3 जनवरी को होगी। मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे होने वाली बैठक में नई सरकार कई महत्वपूर्ण निर्णय लेगी। राजिम कुंभ को लेकर कैबिनेट की बैठक में निर्णय के बाद अध्यादेश जारी किया जा सकता है। वहीं किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 3100 रुपए देने को लेकर कैबिनेट में निर्णय होने की संभावना है।

- पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं के भविष्य पर होगा निर्णय

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में सभी विभागों के प्रस्तावों को शामिल किए जाने की चर्चा है। बताया गया है कि पूर्ववर्ती सरकार ने राजिम कुंभ को बंद कर पुन्नी मेला के नाम से इसे जारी रखा था। भाजपा सरकार राजिम कुंभ को फिर से शुरू करने विधानसभा में प्रस्ताव लाएगी। चूकि राजिम कुंभ के पहले विधानसभा का सत्र संभव नहीं है, उसे देखते हुए अध्यादेश जारी किया जा सकता है। बताया जाता है कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान शुरू की गई कई योजनाओं के भविष्य पर निर्णय होगा। साथ ही ऐसे मामले, जिनमें गड़बड़ी हुई है, उन मामलों की जांच को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

राज्य में सीबीआई पर लगाई गई रोक से संबंधित मामले पर चर्चा होगी। कैबिनेट में भाजपा के घोषणापत्र में रामलला के दर्शन का उल्लेख किया गया है। सरकार के मंत्री ने 25 जनवरी से 25 मार्च तक अयोध्या यात्रा सरकारी खर्च पर कराने की घोषणा की थी। घोषणा के परिपेक्ष्य में राज्य सरकार निर्णय ले सकती है।




#### महतारी वंदन पर होगा निर्णय

महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार की राशि देने के संबंध में नियम और पात्रता तय किए जाने की संभावना है। भाजपा सरकार अगले महीने से ही इसे शुरू करने जा रही है। अनुपूरक बजट में 1200 करोड़ की राशि का प्रावधान किए जाने के बाद योजना में नए सिरे से आवेदन मंगाए जाएंगे। योजना का क्राइटेरिया कैबिनेट तय करेगी।

# सब्सिडी खत्म होने से ई-बाइक की बिक्री की रफ्तार पर लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में ई-बाइक का क्रेज बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने सब्सिडी देने का काम किया है। आज देश के हर राज्य में ई-बाइक का बड़ा क्रेज हो गया है। ऐसे में अब सब्सिडी खत्म करने की तैयारी चल रही है। ऐसा हुआ तो अपने प्रदेश में भी ई-बाइक की बिक्री की रफ्तार पर बड़ा ब्रेक लग जाएगा। इस समय ई-बाइक पर 15 से 30 हजार की सब्सिडी मिल रही है। इसके पहले पिछले साल केंद्र सरकार ने पिछले साल जून सब्सिडी कम की थी तो 35 हजार तक कीमत भी बढ़ गई थी। अब तो इस साल अप्रैल से पूरी सब्सिडी ही समाप्त करने की तैयारी है। पेट्रोल के लगातार बढ़ते दाम के कारण इसके विकल्प के रूप में ई-बाइक चल रही है। इसको खरीदने वालों को जहां केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी मिलती है, वहीं अपने राज्य में राज्य सरकार भी सब्सिडी दे रही है।



#### केंद्र सरकार को मनाने का प्रयास

जून में सब्सिडी कम होने के बाद बिक्री की रफ्तार कम हो गई थी, लेकिन बाद में वापस रफ्तार आ गई। अब सब्सिडी पूरी तरह से समाप्त होने पर इस समय जो 15 से 30 हजार तक की सब्सिडी मिल रही है, वह भी बंद हो जाएगी। ऐसा होने से बिक्री की रफ्तार पर असर पड़ेगा।

#### पहले ही हो चुकी है 35 हजार तक महंगी

*केंद्र सरकार ने इस साल जून में सब्सिडी में कटौती की थी। जून से पहले जो सब्सिडी मिल रही थी, उसमें प्रति किलोवॉट पर 15 हजार दिए जा रहे थे। ऐसे में तीन किलो वॉट वाली बाइक पर 45 हजार मिल जाते थे, लेकिन जून में इसको घटाकर 10 हजार रुपए प्रति किलोवॉट कर दिया गया। ऐसा होने से तीन किलो वॉट की बाइक अब 30 हजार भी नहीं मिलते, क्योंकि कीमत में पहले जो 40 फीसदी तक सब्सिडी मिलती थी, उसे घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया। ऐसा होने से डेढ़ लाख की बाइक पर अब 22 हजार पांच सौ ही मिलते हैं यानी अब 23 हजार अब ज्यादा देने पड़ते हैं। इसी तरह से 4 किलोवॉट की बाइक पर 60 हजार मिलते थे, लेकिन 1.60 लाख वाली ऐसी बाइक पर 15 फीसदी के हिसाब से 24 हजार ही मिल रहे हैं। ऐसे में अब 36 हजार ज्यादा देने पड़ते हैं। दो लाख की ई-बाइक पर 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। कम कीमत वाली बाइक पर थोड़ा कम झटका लगता है। एक लाख वाली बाइक में अगर दो किलोवॉट की बैटरी लगी है तो इसमें 15 हजार की सब्सिडी मिलती है, पहले इसमें 30 हजार मिलते थे।*

## खबर संक्षेप



### बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 04 व 09 में 31 दिसम्बर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों ने जैतखाम में मत्था टेककर बाबा का आशीर्वाद लिया। अतिथियों ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के बताए हुए मार्ग पर चलना है। बाबा के मनखे मनखे एक सामान उपदेश आगे बढ़ना और समाज में समानता का भाव लाना है। अपने घर, परिवार, समाज को नशापान, बुरी आदत से बचाए रखना है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल नगर, पार्षद धर्मेन्द्र यादव, शिव साहू, वार्ड नं 14 के पार्षद गंगाप्रसाद निषाद, गौतम सिन्हा, राजेन्द्र निर्मलकर, पुष्कर यादव, हर्ष शर्मा, द्रोणाचार्य साहू, सलीम भाठी, डोमार पटेल, उत्तम निर्मलकर, विनोद गहरवाल, भुनेश्वर साहू, उत्तम साहू आदि मौजूद रहे।

### शराब पिलाने की सुविधा, तीन पर कार्रवाई

**महासमुंद।** अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में पिथौरा पुलिस ने सुरेन्द्र शाखरे पिता मनिराम 24 वर्ष निवासी लहरौद, कोमाखान पुलिस ने ग्राम भिलाईदादर निवासी जगदीश मेहर पिता सिरीश 25 वर्ष और खल्लारी पुलिस ने ग्राम रोड़ा निवासी दिलीप ठाकुर पिता केजूराम 40 वर्ष के खिलाफ आबकारी एक्ट 36 (सी) के तहत कार्रवाई की है।

### बैठक 5 को

**कुरुद।** तहसील कुरुद अंतर्गत आने वाले पटेलों की बैठक 5 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ महतारी प्रांगण कुरूद में रखी गई है। तहसील अध्यक्ष ने समस्त पटेलों से उपस्थिति की अपील की है।

### मड़ई मेला स्थगित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5 जनवरी को मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल नंदलाल साहू, सरपंच श्रीमती शांति बाई ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विशाल साहू, उपसरपंच मेतर साहू, विक्रम सिंह मांडवी ने दी है।

**बैठक :** आम नागरिकों को अफवाहों से बचने की अपील

# जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक : कलेक्टर



- मुख्यमंत्री साय ने ट्रक चालकों की हड़ताल को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के लिए दिए निर्देश
- जिले में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग में हुए शामिल
- सब्जी, राशन, दूध, दवाई की सप्लाई सुचारू रूप से जारी रहेगी
- जिले में कंट्रोल रूम स्थापित, मोबाइल नम्बर 94791-92399 जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य सहित सभी जिलों में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति और जिले में ट्रक चालकों की हड़ताल को देखते हुए आवश्यक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बैठक ली। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने तथा जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे तथा किसी भी तरह के भ्रामक जानकारी न फैलाएं। जनता तक सही जानकारी पहुंचे और अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। राज्य स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अभिताभ जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट के सीजी स्वान कक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव मौजूद थे। कलेक्टर मलिक ने जानकारी दी कि जिले में 79 पेट्रोल, डीजल पम्प संचालित है। अभी तक पर्याप्त स्टॉक है एवं किसी तरह की किल्लत नहीं है। इस संबंध में आम नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मोबाइल नम्बर 94791-92399 जारी किया गया है। इस नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। कलेक्टर मलिक ने बताया कि कंट्रोल रूम में राजस्व, खाद्य, पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिक से अपील किया है कि पेट्रोल और डीजल का अतिरिक्त स्टॉक अपने पास न रखें।

इसके अलावा कलेक्टर ने जिले में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई जैसे सब्जी, राशन, दूध, दवाई खाद्य पदार्थों के सुचारू रूप से आपूर्ति जारी रखने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार तथा संबंधित विभाग को दिए है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने लगातार पेट्रोलिंग करने और स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। जिले में पेट्रोलियम, डीजल तथा एलपीजी सेवा वाहनों का वाहन बाधित न हो और सतत निगरानी किया जाए।

# पेंशनर एसोसिएशन की हुई तैयारी बैठक, सम्मेलन 6 जनवरी को

## नववर्ष मिलन समारोह भी हुआ, नए सदस्यों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

1 जनवरी को पेंशनर्स एसोसिएशन का नववर्ष मिलन समारोह एवं नियमित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पेंशनरों ने एक-दूसरे को नववर्ष 2024 का बधाई संदेश देते हुए कुशल मंगल की कामना की। तत्पश्चात नए सदस्यों क्रमशः मनोहरलाल साहू शिक्षा विभाग, सुंदरलाल सूर्यवंशी पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, लालाराम साहू शिक्षा विभाग, मन्नूलाल गेंडरे कृषि विभाग, प्रीत कुमार ध्रुव पुलिस विभाग, ढालूराम पटेल वन विभाग का श्रीफल एवं गुलाल लगाकर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में स्वागत किया। सभी नवागंतुक सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में 6 जनवरी को आयोजित पेंशनर सम्मेलन 2024 की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पेंशनर सम्मेलन के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद होंगे। विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र कुमार नामदेव संयोजक छग राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन, शिवशंकर पटनायक प्रांतीय संरक्षक, गंगाप्रसाद साहू संरक्षक, यशवंत देवान प्रांताध्यक्ष, विनोद शंकर साहू प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष छग पेंशनर्स एसोसिएशन होंगे। अध्यक्षता आरडी साहू जिलाध्यक्ष पेशनर्स एसो. जिला शाखा महासमुंद करेंगे। इस अवसर पर जिले के ऐसे महिला पुरूष पेंशनर जिनकी आयु 75-80 वर्ष हो चुका हैं, का स्वागत शाल, श्रीफल से मंचासीन अतिथियों द्वारा किया जाएगा तथा नए सदस्यों का स्वागत श्रीफल, गुलाल से किया जाएगा। सम्मेलन में प्रमुख रूप से पेंशनर्स जगत की समस्याओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसे विधायक महासमुंद के माध्यम से शासन को प्रेषित करने अनुरोध किया जाएगा। बैठक में एसोसिएशन के सचिव शिवकुमार साहू, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष चन्द्रबदन मिश्रा ने सदस्यों को इसके लिए विशेष मार्ग दर्शन देते हुए आयोजित सम्मेलन अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। बैठक में संरक्षक तोपसिंग दीवान, देवनारायण सिंह बिसेन, गोवर्धन साहू उपाध्यक्ष, विनोद जोशी कोषाध्यक्ष, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री भूषणलाल भोसले, सीएल साहू, बोधन लाल साहू, जगदीश ध्रुव, नेहरू साहू, राम कुमार साहू, व्हीएल चंद्राकर, शिवनंदन राव भोसले, एसडी मानिकपुरी, अरूण तिवारी, चोवाराम साहू, लालाराम साहू, थानूराम साहू, निर्मल कुमार निषाद, भगतराम साहू, धरनीधर दीवान, सुभाषनंद, विष्णुप्रसाद साहू, मुक्तिराम निषाद, अंजलूस कुजूर, ज्ञानसिंग चंदेल, मुरलीधर पटेल, अर्जुन साहू, जीवनलाल कुलदीप, मोहनलाल साहू, सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

## मुलाकात



**महासमुंद।** जिले के खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेसी एवं पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा ने नववर्ष की शुरुआत प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात और आशीर्वाद प्राप्त कर मनाया।

# मोदी के साढ़े 9 साल सुशासन व ईमानदारी से परिपूर्ण

- मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोस चुनाव में तोड़ेगी 2019 का रिकार्ड

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पीएम मोदी की प्रत्येक गारंटी पूरी की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही 3,100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी, महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपये दिए जाने के फैसले पर निर्णय लिया जाएगा। इससे पूर्व केबिनेट की प्रथम बैठक में ही प्रदेश सरकार ने प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास तथा 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश देकर मोदी की गारंटी पर काम शुरू कर दिया है। चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान देश कांग्रेस के घोटालों, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से छुटकारा पाना चाहता था। लड़ाई अरबो-खरबो, लाखों-करोड़ों के घोटाले करने और 60 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस के साथ एक ईमानदार छवि और गरीबी देखने वाले के बेटे नरेंद्र मोदी से थी। देश की



जनता ने देश बेचने वाली कांग्रेस की बजाय चाय बेचने वाले पर भरोसा जताया और उन्हें चुनाव जिताया। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के साढ़े 9 साल सुशासन और ईमानदारी से पूरिपूर्ण हैं। इतना ही नहीं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी 2024 में 2019 का रिकॉर्ड तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले विस चुनाव में 3 राज्यों के चुनाव में लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया। मोदी की गारंटी में सबके लिए पक्का मकान, हर घर को नल से जल, 60 करोड़ भारतीयों को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज, हर घर-हर गांव तक बिजली कनेक्शन, 80 करोड़ भारतीयों को अगले 5 साल तक मुफ्त अनाज, विकसित भारत का संकल्प के तहत भारत को दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाना, अगले 5 सालों में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना आदि शामिल है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार आगे बढ़ रही है। इसलिए मोदी के हर गारंटी पर बिना देर किए फैसले लिए जा रहे हैं। शीघ्र ही संकल्प पत्र में उल्लेखित सभी वादों को भाजपा पूरा करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है।

# जनकल्याणकारी योजना से लोग हो रहे लाभान्वित : अलका



**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खल्लारी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में विकास रथ पहुंच रही है। ग्राम बस्ती बागबाहरा, गांजर, बरबसपुर, सिर्री, अरंड, बिहाझार ग्रामों में संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंची भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजना से हर कोई लाभान्वित हो रहा है। उनके योजनाओं से कोई वंचित न रहे, हितग्राहियों से संवाद अनुभव भी साझा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी भारत हैं, भारत मोदी है। आज विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास, गरीब कल्याण अन्नपूर्णा, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा आदि अनेक योजनाएं हैं, जिनसे देश के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनने के बाद सुशासन का सरकार आया हुआ है। मोदी के गारंटी के कारण आज छत्तीसगढ़ पुनः विकास के पटरी पर चलते हुए किसानों को 2 साल का बोनस, 3100 रुपए ,धान का भुगतान, 18 लाख आवास, महिलाओं को 1000 रुपए दिया जाएगा।

# 138 पंचायतों में पहुंची विकसित संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** 16 दिसम्बर से प्रारम्भ हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा 01 जनवरी तक 138 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। इन ग्राम पंचायतों में जागरुकता वैन एवं शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर योजना का लाभ दिया गया।

जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 143629 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 3063 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। शिविर में शामिल हुए लोगों ने विकसित भारत का संकल्प भी लिया। शिविर में 4608 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित हुए योजनाओं के संबंध में अपने विचार रखे। लाभार्थियों ने उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं के संबंध में मिले लाभ को सबके समक्ष साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 3 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत जोबा और भोरिंग में सुबह 10 बजे एवं अछोला और बेलटुकरी में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत एमकेबाहरा और जामली में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत चरौदा और कमरौद में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत बरेकेलखुर्द और नयापाराकला में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत पिलवापाली और मोहंदा में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत बडेटेमरी और बरपेलाडीह में 10 बजे से एवं पौंसरा और गुढ़यिारी में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत देवलभाठा और सलडीह में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत किसड़ी और कसडोल में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे और संबंधित योजना का लाभ दिलाने आमजन से आवेदन लिए जाएंगे तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथों में लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी देकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यात्रा 16 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 26 जनवरी तक चलेगी। यात्रा के तहत महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 105 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह बागबाहरा विखं अंतर्गत 116, पिथौरा में 126, बसना में 102 एवं विखं सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

# रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए मनोज का चयन

## शासकीय पीजी कॉलेज के स्वयंसेवक मनोज देवांगन करेंगे राष्ट्रीय एकता शिविर में छग राज्य का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय (मप्र-छग) भोपाल द्वारा हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग की संगठन व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का राष्ट्रीय एकता शिविर 2 से 08 जनवरी 2024 तक स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमनी जिला राजनान्दगांव में आयोजित है।

महासमुंद जिला से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक मनोज देवांगन कक्षा बीसीए द्वितीय वर्ष का चयन सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ है। मनोज राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

एकता शिविर का विषय-युवा भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत है। जिसके अंतर्गत भारत की संस्कृतिक एवं लोक कला और रचनात्मक गतिविधियों जैसे लोक नृत्य और संगीत, चित्रकला, हस्तशिल्प और साहित्यिक से संबंधित गतिविधियों पर आधारित है। इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के 12 विश्विद्यालय के 50 स्वयंसेवक एवं 11 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित होंगे। कुल सभी सम्मिलित राज्य मिलाकर 200 स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। मनोज के चयन होने पर डॉ. नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग छग शासन, डॉ. एलएस गजपाल प्रभारी कार्यक्रम समन्वयक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद, डॉ. ईपी चेलक प्रभारी प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, गोपी सिन्हा सहित समस्त महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

# नपा के कार्यवाहक अध्यक्ष पटेल ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर पालिका परिषद में 4 वर्ष के बाद पुनः नवनियुक्त कार्यवाहक नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रकुमार पटेल (मिलो) ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व कांग्रेस पार्षद अमृत पटेल अध्यक्ष पद पर आसीन रहे, जिनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने पश्चात त्यागपत्र देने पश्चात नगरीय प्रशासन विभाग छग शासन द्वारा वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद चन्द्रकुमार पटेल को कार्यवाहक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। सीएमओ अशोक शर्मा एवं सभी पार्षदगणों सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में पटेल ने कार्यवाहक अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पटेल ने कहा कि उन्हें 4 वर्ष के बाद पुनः अध्यक्ष का पद मिला है। आगामी चुनाव के पूर्व बचे हुए 8 महीने में सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए जनता के हित के लिए ही काम करने तथा जो विकास कार्य रुके हुए है, उसे पूर्ण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा शहर की मूलभूत व्यवस्था बिजली, पानी, सफाई, नगर के सौदर्याकरण कार्य को भी दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को आवश्यक उपलब्ध कराने में कोई असर नहीं छोड़ी जाएगी। शहर विकास में महत्वपूर्ण अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा। शहर के विकास और रोजगारोन्मुखी योजनाएं बनाकर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए 24 घण्टे उपलब्ध रहने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष सुशीला पटेल, पार्षदगण स्वर्ग सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, सीता सतपथी, राखी चौहान, दुर्गा बारी, मोनालिसा सिंह, हितेश यादव, हेमवती यादव, लक्ष्मी चन्द्रा, हेमंत प्रधान सहित भूपेश सलूजा, विकास सिंह, राजू सलूजा, मनोहर सराफ, जयप्रकाश यादव, मनोज दास आदि मौजूद रहे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बैतारी में अंतराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से

**सरायपाली।** समीपस्थ ग्राम बैतारी में अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 7 जनवरी से शुरू होगा। जिसमें तीन राज्यों की कुल 16 टीम भाग लेंगी। फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को होगा। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। आयोजन को लेकर मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के संरक्षक सुनील साहू, अध्यक्ष नवीन साहू, उपाध्यक्ष नीरज प्रधान, सचिव अमित शनिकर सहित सभी सदस्य प्रतियोगिता को भव्य रुप देने में जुटे हुए हैं।

## निधन

### मोहनलाल राठी



**महासमुंद।** माहेश्वरी पंचायत के वरिष्ठ सदस्य, प्रतिष्ठित व्यवसायी गांधी चौक निवासी मोहनलाल राठी (72) का स्वर्गवास हो गया। वे स्व. ईग्याराम राठी के सुपुत्र थे। गोपाल राठी उनके सुपुत्र है। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिकगण, व्यापारीगण, रिश्तेदार, सामाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रमशीला विश्वकर्मा



**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा निवासी रमशीला बाई विश्वकर्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पुनितराम व शिवकुमार विश्वकर्मा की माता थीं।

आयोजन : बरोंडाबाजार के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

# विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर गांव-गांव पहुंच रही है यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- विकसित गांव से ही विकसित भारत बनने का सपना हो रहा पूरा : विधायक
- ग्राम चिंगरौद, बम्हनी, बरोंडा और नांदगांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम चिंगरौद, बम्हनी, बरोंडाबाजार और नांदगांव पहुंची। यहां शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया गया। ग्राम पंचायत बरोंडाबाजार में लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितो और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे, उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में छः माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्रासन्न कराया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं।

इसी क्रम में महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम चिंगरौद में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। विधायक सिन्हा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी गाड़ी है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रदेश के जन जन तक यह गाड़ी पहुंचकर उन्हें विकास की दौड़ में भागीदारी बनाएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी का सपना है कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो उसके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में विधायक सिन्हा ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के स्टाल पर छह माह के बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में पवन पटेल, संदीप दीवान, मुन्ना साहू, जनपद सीईओ मिषा कोसले सहित सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।



### जरुरतमंदों से भरवाए जा रहे आवेदन

शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं।

# सरकार तानाशाहीपूर्वक वाहन चालकों पर थोप रही कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



- केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करने आमादा

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि देश के किसानों के बाद अब अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर मोदी सरकार की नजर है वो ट्रांसपोर्ट को भी नहीं छोड़ना चाहती। यही कारण है कि सरकार हिट एंड रन के मामलों से जुड़े कानून में अव्यावहारिक परिवर्तन लेकर आई है। सरकार अपनी तानाशाही से इस कानून को वाहन चालकों पर थोपना चाहती है। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा है कि मन की बात करना और मनमानी थोपना केंद्र की मोदी सरकार का राजनीतिक चरित्र बन चुका है। निजी बीमा कंपनियों को मुनाफा पहुंचाने के लिए जन विरोधी नीति थोपी गई है। वाहन चालक आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं होते हैं, की 10 लाख रुपए का जुर्माना पटा सकें। गरीब ड्राइवर पर दोहरी मार केंद्र की मोदी सरकार के फैसले से पड़ने वाली है। एक तरफ भारी भरकम जुर्माना, दूसरी तरफ 7 साल जेल की सजा ऐसे में जब परिवार का कमाने वाला मुखिया एक ड्राइवर 7 साल के लिए जेल चला जाएगा तो उसके परिजनों का क्या होगा?

उनका भरण पोषण कैसे होगा? केंद्र की मोदी सरकार द्वारा थोपे गए इस काले कानून से देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाहन चालक वर्ग बुरी तरह से भयभीत है। दुर्घटना जानबूझकर नहीं होते, ऐसे में भारी भरकम जुर्माना और लंबी सजा का प्रावधान आम वाहन चालकों के सामर्थ्य से बाहर हैं, मोदी सरकार द्वारा वाहन चालकों से अमानवीय है, अव्यावहारिक कृत्य है।

चंद्राकर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र के मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करने अमादा है। मोदी सरकार को जब-जब जन विरोधी कानून पास करना होता है, तब-तब षडयंत्र पूर्वक बिल पेश करने से पहले विपक्षी सांसदों को सदन से बाहर कर दिया जाता है। जिस तरह से कोविड काल में बिना चर्चा, बिना बहस के पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए एक-एक दिन में 12-12 श्रमिक विरोधी कानून पास किया। ठीक उसी तरह से विगत दिनों विपक्ष के सांसदों को षड़यंत्र पूर्वक सदन से बाहर कर जन विरोधी काले कानून थोप दिए, उसी में से एक यह प्रावधान देश के गरीब वाहन चालकों के खिलाफ है। केंद्र की मोदी सरकार अहंकार छोड़कर गरीब ड्राइवरों की मांग पर तत्काल संज्ञान ले और नए कानून में संशोधन करें।

### उपकार भवन में उत्साह से मनाया गया नववर्ष

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा में नववर्ष उत्साह के साथ मनाया गया। वर्तमान शोर-शराबे भागमभाग के विपरित सच्ची शान्ति, सुख और आध्यात्मिक वातावरण में आध्यात्मिक गीत संगीत के साथ सभी ब्रम्हा कुमारी बहनें एवं पूरा ईश्वरीय परिवार ने नववर्ष के आगमन की खुशी का आनंद लिया। परमपिता परमात्मा शिव की मन को खुशियों से भरनें वाली मधुर वाणी मुरली सुनने के पश्चात सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने कहा कि अब समय की मांग है, सृष्टि रूपी घड़ी का कांटा नवयुग सतयुग की ओर मुड़ रहा है, जिसे हम हेवन, स्वर्ग, परिस्तान गोल्डन वर्ल्ड के नाम से जानते हैं, इसलिए अब हमें पिता परमात्मा द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग की शिक्षा के बल से नए संस्कारों और दिव्य गुणों को धारण कर पुराने संस्कारों को समाप्त करना है तभी हम हर वर्ग सच्चा नव वर्ष मनाने के पात्र बनेंगे।



### अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्र का घर-घर वितरण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्र का घर-घर वितरण किया गया। बता दें कि अयोध्या धाम में बनकर तैयार भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इसके लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर रामजी की फोटो तथा आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। बहुप्रतीक्षित रामलला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भक्तिमय वातावरण निर्मित करने खरोरा के ग्रामीणों ने नववर्ष की नवकिरण के साथ भगवान रामजी की पूजा अर्चना कर श्रीगणेश किया गया। संवेदना समूह द्वारा अक्षत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। भक्तिमय वातावरण तैयार करने ग्राम खरोरा के सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने रामायण मंडली से चर्चा की गई। 22 जनवरी को दीपक जलाकर, रामायण पाठ कर उत्सव मनाने का संकल्प लिया गया। 1001 दीपक जलाए जाएंगे। रामचरित मानस कीर्तन भजन कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, जितेंद्र कुमार चन्द्राकर,ओम प्रकाश चन्द्राकर, गीता चन्द्राकर, मेमन चन्द्राकर, विष्णु राम, योगी, कीर्ति, धृति, आर्यन, भूमिका, गायत्री चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# लमकेनी कबड्डी प्रतियोगिता में रोहिना टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना क्षेत्र के ग्राम लमकेनी में नववर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के टीमों के अलावा बाहरी टीमें भी बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 दिसंबर एवं समापन 31 दिसंबर को होना था। परन्तु, ठंड अत्यधिक होने के वजह से एक दिन आयोजन को बढ़ाया गया। समापन 01 जनवरी 2024 को रात्रि 9 बजे हुआ। फाइनल मुकाबले में रोहिना विरूद्ध तोरेसिंघा के बीच खेला गया। जिसमें रोहिना ने तोरेसिंघा दो प्वाइंट से हराया। प्रतियोगिता को आयोजन करने वाले जय बूढ़ादेव कबड्डी संघ लमकेनी एवं लमकेनी सरपंच कल्पना सोमेन्द्र जगत ने कहा कि कबड्डी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत लाभकारी है। खेलों से राष्ट्रीय एकता, सद्भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है। यह भी घोषणा किया है कि प्रत्येक वर्ष के आयोजन में एक पुरस्कार अपने तरफ से रहेगा। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी वाले टीम रोहिना को 10,000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय तोरेसिंघा को 7,000 एवं ट्रॉफी, तृतीय लमकेनी ए को 5,000 एवं ट्रॉफी, चतुर्थ खैरमाल को 3,000 एवं ट्रॉफी, पांचवां लमकेनी बी को 2,000 रुपए, छटवां गिरिराजपुर को 1,500 रुपए, सातवां तोषगांव को 1,000 रुपए एवं आठवां स्थान प्राप्त करने वाले टीम जटाकन्हार को 1,000 रुपए राशि से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक परमेश्वर बारिक एवं मिनेश रहे। अयोजन में कल्पना सोमेन्द्र जगत, तरुण आचार्य, जगदीश सिदार, उग्रेशन जगत, कौशिक विशाल, संजय साव, जयराम जगत एवं गौरा गौरी समिति के माताएं तथा पूरे ग्रामवासी उपस्थित थे।



# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने और लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जनमन योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर प्रभात मलिक ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में की। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के तहत गांव में लगाए जा रहे शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करें। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत भी कमार बस्तियों में शिविर लगाए जा रहे हैं और पोषण चौपाल के माध्यम से स्वास्थ्य व अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि उज्वला गैस के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए गरीबी रेखा राशन कार्ड तथा उज्वला प्रथम चरण में छूटे हुए हितग्राहियों की सूची मिलान करने के निर्देश दिए। संकल्प यात्रा के दौरान 3063 नए उज्वला गैस कनेक्शन के लिए पंजीयन हुआ है। इसी तरह आयुष्मान कार्ड भी अधिक से अधिक बनवाने के निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना के तहत शिविरों में कमार परिवारों को सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को उनके बस्ती और टोलो में जाकर शिविर लगाने और उनसे चर्चा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी कमार परिवारों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा भी सुनिश्चित किया जाए। आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे कोई भी सुविधाओं से कमार परिवार वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना में सड़क, बिजली, पानी के अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र और स्वास्थ्य केन्द्र भी खोले जाएंगे। इन परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना भी मिलना सुनिश्चित हो।



कलेक्टर मलिक ने कहा कि संकल्प यात्रा शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। इसलिए उनकी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विशेषकर बिजली, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में बताया गया कि अभी तक विकसित यात्रा 138 ग्राम पंचायतों में पहुंची है, जहां एक लाख 43 हजार 629 ग्रामीण शिविरों में शामिल हुए हैं। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अन्य विभागीय समन्वय और कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने पीएम पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा जन शिकायतों से संबंधित पत्रों को आगामी दो दिन में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, जनपद सीईओ मिशा कोसले, डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# अघरिया समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुवनेश्वर पटेल के साथ नगर अध्यक्ष रायगढ़ लक्ष्मीकांत पटेल का महासमुंद नगर आगमन हुआ। स्थानीय काव्यांश भवन में उनका गुलदस्ता भेंटकर, गुलाल लगाकर व पुष्पहार से आत्मीय स्वागत किया गया। सामाजिक विषयों पर चर्चा के बाद केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पैता विकासखंड बसना में निर्माणाधीन समाज के आराध्य देव श्रीकृष्ण की धाम हम सबके सपनों का मथुरा वृंदावन धाम है। योगेश्वर भगवान कृष्ण विराजमान होंगे। साथ ही अस्पताल, स्कूल, छात्रावास, सत्संग भवन, श्रीकृष्ण वाटिका तथा अन्य सामाजिक क्रियाकलापों के लिए भवनों का निर्माण धाम की भव्यता में चार चांद लगाएंगी। केंद्रीय अध्यक्ष ने अंतर्जातीय विवाह, वैवाहिक कार्यक्रमों में मांसाहारी भोजन व्यवस्था, जूता चोरी प्रथा की बिगड़ता स्वरूप सहित अन्य सामाजिक विषयों पर सारगर्भित विचार रखें। इस अवसर पर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष होरीलाल पटेल, सचिव देवा पटेल, महिला संयोजिका जशोमती पटेल, परिक्षेत्र अध्यक्ष महासमुंद नरेंद्र नायक, सचिव जयराम पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता खगेश्वर पटेल, प्रेमलाल पटेल, भोजराम पटेल, सुरेंद्र चौधरी, विष्णु पटेल, फगुलाल पटेल, लखन पटेल, गणेश नायक, निर्मला पटेल, मीना नायक, नवीन कश्यप, कुंतीला पटेल, होमेश नायक, नारायण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# हर वर्ग को योजनाओं का लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्राः रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने केंद्र सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा को योजनाओं से वंचित तथा लाभान्वित हितग्राहियों के हित में उठाए गए बेहतर कदम बताया है।

साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सभी जनपदों में किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने महासमुंद, पिथौरा, बागबाहरा, बसना, सरायपाली जनपद के ग्रामों में पहुंचकर केंद्रीय योजनाओं से अवगत कराकर लोगों को लाभ उठाने सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



सरकार किसानों की आय दोगुना करने कार्य कर रही है। अब ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाई छिड़काव का कार्य होगा।

साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर नल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना आदि की जानकारी देकर लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र के किसी न किसी योजना से हर वर्ग को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने गरीब, अमिर, युवा, किसान, महिला सभी के लिए योजना बनाकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यों में देश की जनता को विश्वास है। इसी का परिणाम रहा कि विगत विस चुनाव में भाजपा को 3 राज्यों में भारी बहुमत मिली।

# बिडोरा की कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए द्वारिकाधीश

## प्रतियोगिता में शामिल होकर विधायक ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



ग्राम विडोरा में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इस तरह के आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि इससे छिपी प्रतिभाएं सामने आती है। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधायक यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। ग्राम विडोरा में ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक यादव ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख सकते हैं, बल्कि, आज खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों का हर व्यक्ति के जीवन में विशेष महत्व होता है। जब भी कहीं खेल का आयोजन होता है तो बचपन याद आता है। पहले कबड्डी प्रतियोगिता धूल-मिट्टी में आयोजित होता था, लेकिन आज मैट पर आयोजित होने लगा है। विधायक यादव ने जीवन में खेलों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि खिलाड़ी ऐसे पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा निखारते हुए क्षेत्र सहित प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के परंपरागत एवं पुराने खेलों को बढ़ावा देने हरसंभव प्रयास किया है।

